आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.1 °c | 25.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |

## डीप फेक वीडियो मामला : राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने तलब किया

# झारखंड कांग्रेस का 'एक्स' सस्पेंड


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के एक्स हैंडल को सस्पेंड कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो मामले में ये कार्रवाई की गयी है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें 2 मई को आइएफएसओ ऑफिस स्पेशल सेल दिल्ली पुलिस के तीसरे फ्लोर पर मौजूद कमरा नंबर 302 में सशरीर पेश होने को कहा गया। झारखंड कांग्रेस के एक्स हैंडल से भी उस डीप फेक वीडियो को शेयर किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की तरफ से 28 अप्रैल को इस मामले में एफआइआर दर्ज की गयी थी।

**साथ में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी लाना है :** दिल्ली पुलिस के नोटिस के जवाब में राजेश ठाकुर ने कहा था कि वे इस मामले में अपने वकील से बात कर रहे हैं और उसके बाद ही वह अपना अगला कदम उठायेंगे। नोटिस के मुताबिक राजेश ठाकुर को ट्वीट किये गये वीडियो का सोर्स लाने को कहा गया है। उनसे कहा गया है कि जिस भी मोबाइल/ लैपटॉप/ टैबलेट से एक्स पर जो वीडियो डाला गया है, उसे लाना है। उनसे यह भी कहा गया है कि संबंधित वीडियो को रिकॉर्ड करने के लिए जिस भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल हुआ है, उसे भी लेकर आना है।




### ये तानाशाही है : राजेश ठाकुर



वहीं, राजेश ठाकुर ने कहा कि मुझे दिल्ली पुलिस की ओर से एक नोटिस मिला है। अब यह समझ से परे है कि मुझे ये नोटिस क्यों दिया गया है। मैं समझता हूं यह तानाशाही है। जिसको जो मन में आ रहा है कर रहा है। अगर कोई शिकायत है तो पहले यह देखना चाहिए कि मेरे ट्विटर हैंडल पर वो चीजें हैं या नहीं।

### शाह का डीप फेक वीडियो डाल कर नफरत फैलाने की कोशिश की गयी : प्रतुल शाहदेव



भाजपा ने झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑफिशियल अकाउंट को सस्पेंड किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोहब्बत की तथाकथित दुकान से सिर्फ नफरत का सामान बिकता है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के ऑफिशियल एक्स अकाउंट में देश के गृह मंत्री अमित शाह का एक डीप फेक वीडियो डालकर देश में जातीय उन्माद और नफरत फैलाने की कोशिश की गयी, साजिश की गयी थी। प्रवक्ता ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष को नोटिस भेजा, लेकिन हठधर्मिता और बेशर्मी देखिए कि उसके पास भी इस वीडियो को नहीं हटाया गया। स्थिति स्पष्ट है। कांग्रेस अपनी निश्चित हार को देखकर डीप फेक वीडियो का सहारा ले रही है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल



रांची (आजाद सिपाही)। शिव मंडा पूजा समिति टाटी, टाटीसिल्वे की ओर से मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। झूलन का कार्यक्रम हुआ। भोक्ताओं को मंडा खूटा पर लटका कर झुलाया गया और भोक्तागण ऊपर से आस्था के फूल बरसाये। इससे पूर्व रात्रि में भोक्ताओं द्वारा आग के अंगारों पर चले और भोक्तागण अपनी शक्ति और भक्ति का परिचय दिया। साथ ही केंद्रीय मंडा पूजा समिति के द्वारा शिव मंडा पूजा समिति के सदस्यों को चुनरी ओढ़ाकर-मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड के अध्यक्ष राजकुमार महतो, संरक्षक जैलेंद्र महतो, मणपुरण नायक, उदय पासवान, रवि गोप, विश्वजीत गोप, भोला केसरी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। केंद्रीय मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि किसी तरह की कोई भी समस्या आये, तो केंद्रीय मंडा पूजा समिति हमेशा खड़ी रहेगी। इस आयोजन में बसंत मिश्रा, विगन महतो, जगदीश नायक, कृष्ण पाहन, रामोतार केरकेट्टा, रंजीत राम, महावीर नायक, चुन्नू गोप, आयुष कुमार, किशोर बैठा, माधुरी देवी, संतोष महतो, दिलीप गोप आदि शामिल हुए।

### स्नेहा ने साइंस टॉपर बन समाज का गौरव बढ़ाया



रांची (आजाद सिपाही)। धोबी समाज के बिनोद बैठा, उपेंद्र रजक, अशोक रजक, सत्येंद्र रजक, श्यामनंदन प्रसाद, सुरेंद्र पासवान ने झारखंड की साइंस टॉपर स्नेहा कुमारी के हरमू विद्यानगर स्थित आवास पर जा कर सम्मानित किया। उसे कलम, किताब, बुके, मिठाई दी। उपेंद्र रजक ने कहा कि बेटा-बेटी में फर्क समझने वाले लोगों के लिए स्नेहा का यह परिणाम मिसाल है। स्नेहा ने कठिन मेहनत और लग्न से यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर उनके पिता सुनील रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

### नि:शुल्क वस्त्र का वितरण किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। लॉर्ड गौतम बुद्धा ट्रस्ट कोकर, भारत विकास परिषद और महानगर शाखा के तत्वावधान में नि:शुल्क वस्त्र वितरण किया गया। बुद्ध साइंस एंड टेक्निकल इंस्टीट्यूट चुनाभट्टा कोकर में इसका वितरण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध ट्रस्ट के वित्तीय सचिव सुप्रिया भारती ने सरस्वती वंदना से की। मुख्य अतिथि अरविंद नाथ ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम प्रत्येक माह होना चाहिए। शशि भूषण पांडेय ने कहा कि संस्था के द्वारा ऐसे कार्य से समाज के लोग लाभान्वित होते हैं। जीपी सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के समृद्ध और बुद्धिजीवी लोगों का समूह है। इसके प्रत्येक सदस्य समाज के प्रति समर्पित हैं और आर्थिक पिछड़े परिवारों के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं। ट्रस्ट के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि ईश्वर ने जो जीवन दिया है, इसे सार्थक करने का समय सबके पास है। बड़ी बच्चियों को सूट, पैजामा और दुपट्टा, छोटे बच्चियों को फ्रॉक दिया गया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, चारवा भगत, मनीष कुमार, किरण कुमारी उपस्थिति रही।

### टॉपर देकर कॉमर्स कोचिंग क्लासेज ने रचा इतिहास



रांची (आजाद सिपाही)। कॉमर्स कोचिंग क्लासेज में 12वीं कॉमर्स के अच्छे प्रदर्शन हुए। यह कोचिंग पुरुलिया रोड आइ काश्यप हॉस्पिटल के नजदीक है। यहां 10वीं, 12वीं बीकॉम, बीबीए के भी क्लासेज होते हैं। इस संस्था से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रिजल्ट रहे। इसमें कई बच्चे अच्छे अंक प्राप्त किये। अजका जहरीन ने 90.2 प्रतिशत और एकाउंटेंसी में 97 अंक प्राप्त किये। सिद्धार्थ अग्रवाल 90 प्रतिशत, प्रियांशु कुमारी 88.6 प्रतिशत, मनोरमा तिग्गा 87 प्रतिशत, तनीषा कुमारी 86.2 प्रतिशत, रुचिका लकड़ा 85.2 प्रतिशत, अनुराधा भगत 85 प्रतिशत, सिद्धि अग्रवाल को 83 प्रतिशत, सादिया मकबूल को 83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। संचालक अकरम हुसैन ने बच्चों के बेहतर भविष्य की शुभकामना दी।

### स्पेशल एंफेसिस ऑन पीस पर रोटरी का सेमिनार 5 को



रांची (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ रांची डिस्ट्रिक्ट के तत्वावधान में 5 मई को सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। सेमिनार का विषय है-सेवन एरियाज ऑफ फोकस विथ स्पेशल एम्फेसिस ऑन पीस। इसमें मुन्नू कलानी उक्त विषय पर बतौर रोटरी स्कॉलर अपनी बात रखेंगी। इसके अलावा लुइस आइंद द्वारा स्थायी शांति के लिए बातचीत, मोनिका फेनेल द्वारा न्यायिक प्रणाली तक पहुंच, सुरभि क्याती द्वारा संरचनात्मक हिंसा पर संबोधन किया जायेगा। सेमिनार के मुख्य अतिथि एडीजीपी संजय लाटकर, निदेशक एक्सआइएसएस फादर डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर, जिलापाल शिव प्रसाद बागड़िया होंगे। सेमिनार के चेयरमैन मुकेश तनेजा ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य झारखंड-बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 200 रोटेरियन और बुद्धिजीवियों को एक साथ लाना है, ताकि वे इस सार्थक चर्चा में शामिल होकर शांति को बढ़ावा देने के लिए रास्ते तलाश सकें।

### सदान विकास पार्टी ने मजदूर दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। सदान विकास पार्टी की ओर से मजदूर दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी मजदूर भाइयों को उनका हक और अधिकार के लिए हमेशा से लड़ते आ रही है। आगे भी लड़ती रहेगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने मिठाई और पानी का बोतल का वितरण किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी मो एजाज आलम, आरती यादव, धनंजय वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पहला इंटर स्कूल टेबल टेनिस टूर्नामेंट आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला इंटर स्कूल टेबल टेनिस टूर्नामेंट को लेकर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रेस कांफ्रेस का आयोजन हुआ। इस बैठक में 3 से 5 मई को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की मेजबानी में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों द्वारा टेबल टेनिस टूर्नामेंट कार्यक्रम की रूप रेखा की जानकारी दी गयी। इस टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न विद्यालय भाग ले रहे हैं। इनमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुरु नानक स्कूल, फिरायलाल पब्लिक स्कूल, कैरली पब्लिक स्कूल, लोयला कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी गांधीनगर, डॉन बॉस्को स्कूल, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, ब्रिजफोर्ड स्कूल, मदर इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी हेहल, लॉरेटो कॉन्वेंट स्कूल, संत जेवियर स्कूल, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल इत्यादि स्कूल शामिल हो रहे है। इस टूर्नामेंट में कुल छह छात्रों की टीम और पांच छात्राओं की टीम हिस्सा ले रही हैं। अलग अलग आयु वर्ग के कुल 97 प्रतिभागी इस खेल स्पर्धा में अंडर 11 बालक और बालिका वर्ग, अंडर 13 बालक और बालिका वर्ग, अंडर 15 बालक और बालिका वर्ग और अंडर 19 बालक और बालिका वर्ग में भाग ले रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता में चार एकल और एक टीम इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना का विकास करना, आत्मानुशासन विकसित करना, एकजुट होकर निर्णय लेना, आपसी सहभागिता, समूह के प्रति जिम्मेदारियां और भविष्य के लिये स्वयं को तैयार करना इत्यादि शामिल हैं।

टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर राजाशीष सरकार और आरडीटीटीए के सुदीप्ता मुखर्जी चीफ रेफरी होंगे। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित यह टेबल टेनिस टूर्नामेंट अद्वितीय होगा। यहां विभिन्न विद्यालयों से भाग लेने आने वाले विद्यार्थियों का विशेष ख्याल रखा जायेगा। सभी टीमों के साथ समान व्यवहार पर विशेष बल दिया जायेगा।

## जर्नल अध्ययन और मंथन का डिजिटल माध्यम से शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य-प्रबंधन विभाग की ओर से विवि परिसर में संकाय के जर्नल अध्ययन और मंथन का डिजिटल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ संदीप कुमार ने जर्नल के लिए चयनित 35 पेपर के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इसके संकलन में डॉ गौतम तांती, डॉ अरविंद भंडारी और उन सभी लोगों के सराहनीय प्रयासों का जिक्र किया। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने जर्नल के संकलन से लेकर संपादन तक के क्रम में टीम वर्क की सराहना की। उन्होंने परिमाण के बजाये गुणवत्ता पर जोर देने की बात कही। जर्नल की डिजिटल लांचिंग के फायदों की चर्चा करते हुए उन्होंने इसे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी करार दिया। कार्यक्रम में समापन भाषण डॉ पूजा मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर डीन डॉ नीलिमा पाठक, डॉ हरिबाबू शुक्ला, प्रवीण कुमार, डॉ पंकज गोस्वामी, डॉ आरोही आनंद, डॉ अंजलि श्रीवास्तव, किसलय कुमार समेत विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान समेत डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत गलतबयानी कर झारखंड का कर रहे अपमान: मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गलतबयानी कर राज्य और राज्यवासियों का अपमान कर रहे हैं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने उन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जानबूझकर गलत बयान देकर राज्य भी भोली-भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जमशेदपुर में कहा था कि झारखंड सरकार जल जीवन मिशन में दिलचस्पी लेती, तो खेतों को मिलता पानी और जानबूझकर जल जीवन मिशन के कार्यों को रोक रही है राज्य सरकार। यह आरोप पूर्णतः बेबुनियाद और निराधार है।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के भाजपा सांसदों को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को बताना चाहिए कि डबल इंजन की सरकार में 1 अप्रैल 2019 तक झारखंड राज्य में मात्र 5 प्रतिशत घरों में नल के माध्यम से जलापूर्ति होती थी। केंद्रीय मंत्री को झारखंड राज्य की भौगोलिक स्थिति, दुगर्म पहाडी क्षेत्रों और दूर-दूर बसे टोलों की भी जानकारी नहीं है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को यह ज्ञात अवश्य होना चाहिए कि जल जीवन मिशन के तहत नल के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है न कि सिंचाई के लिए खेतों को पानी उपलब्ध कराना। फिर किन कारणों से केंद्रीय मंत्री ने गलत वकतव्य दिया है, यह उनको बताना चाहिए।

## स्टेट टॉप 10 में पांच विद्यार्थी देकर ब्लैक बोर्ड ने रचा इतिहास



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची स्थित संस्थान द ब्लैकबोर्ड ने इंटर साइंस के रिजल्ट में जलवा बरकरार रखा। झारखंड के शीर्ष 10 में से द ब्लैकबोर्ड के 5 छात्राओं ने अपनी जगह बनायी है। राज्य में पहले स्थान पर स्नेहा, चौथे स्थान पर श्रुति, पांचवें स्थान पर आस्था, आठवें स्थान पर कात्यायनी और नौवें स्थान पर माही ने अपना कब्जा जमाया। स्नेहा ने इंटर साइंस में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसके साथ ही ये अपने कॉलेज उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान पर रही। संस्थान के 44 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। वहीं 115 से ज्यादा बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। संस्थान के निदेशक बिनय सिंह ने अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी छात्रों को बधाई दी। साथ ही यह भी बताया कि रांची के अलग-अलग स्कूलों में टॉप 10 में जगह बना कर द ब्लैकबोर्ड के छात्रों ने अपना परचम लहराया है।

## 12वीं की स्टेट टॉपर स्नेहा को यशस्विनी सहाय ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने झारखंड एकेडमिक कौंसिल द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की परीक्षा में उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा स्नेहा को स्टेट टॉपर होने पर सम्मानित किया। गुरुवार को हरमू क्षेत्र के विद्यानगर वार्ड 34 निवासी राजकुमार साह के आवास पर पहुंची। स्नेहा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सुनील रजक, संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी छह को करेंगी नामांकन

रांची। रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पार्टी विधायक दल नेता आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और कई मंत्री और विधायक शामिल होंगे।

### झारखंड रत्न मिलने पर मारवाड़ी समाज ने दी बधाई




रांची (आजाद सिपाही)। रांची क्लब में आयोजित झारखंड रत्न सम्मान समारोह मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सह अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष व्यावसायी ओमप्रकाश अग्रवाल को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों-सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल को बधाई दी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने ओमप्रकाश अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा है कि श्री अग्रवाल को झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाना मारवाड़ी समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। बधाई देने वालों में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, सुरेशचंद्र अग्रवाल, पवन पोद्दार, कमल कुमार केडिया, सज्जन पाड़िया समेत अन्य शामिल थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-3-एफएएन-24-25, दिनांक: 30.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-3-एफएएन-24-25, दिनांक: 30.04.2024 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 24.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल में बीएलडीसी पंखा तथा प्रीपेड एनर्जी मीटर के प्रावधान के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,53,58,595.54। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,26,800। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 24.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
(PR-102)


### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** — रोग-शोक-अवसाद में क्रमशः कमी आयेगी,बुद्धि-चतुरता से विरोधियों पर विजय।

**मिथुन** — मिथुन-नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

**कर्क** — विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।

**सिंह** — परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी,आपके मित्र मददगार साबित होंगे।

**कन्या** — शारीरिक रोग और मानसिक शोक का शमन होगा,वांछित प्रयासों में क्रमशः कामयाबी मिलेगी।

**तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिक** — रोजी-रोजगार में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** — धनु-वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा,पारिवारिक सुख,बिगड़े कार्य बनेंगे।

**मकर** — रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।


**कुंभ** — कुंभ-बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

### झारखंड में आचार संहिता उल्लंघन के 41 मामले दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चुनाव की अधिसूचना के बाद से 30 अप्रैल तक झारखंड में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 41 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें सबसे अधिक पलामू, हजारीबाग और रांची में छह-छह मामले दर्ज हुए हैं। वहीं धनबाद में पांच, सरायकेला खरसावां में चार, गढ़वा और गिरीडीह में तीन-तीन, सिमडेगा में दो और साहेबगंज-खूंटी में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं।

### दो दिवसीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन कल




रांची (आजाद सिपाही)। यूनियन क्लब व लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में 4 और 5 मई को रांची जिला ओपन योगा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है। इस पर पहले दिन शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 2 बजे होगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूनियन क्लब के सचिव सेतांको सेन, स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के सचिव सुशांत भट्टा के द्वारा किया जायेगा। यह बातें प्रेस वार्ता में सेतांको सेन और सुशांत भट्टा ने कही। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें अलग-अलग स्कूल कॉलेज योग संस्थान के छात्र छात्राएं शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भाग लेंगे। इनमें जूनियर वर्ग के प्रतियोगिता 5 मई को रखा गया है। इसकी आयुवर्ग 8 वर्ष से 18 वर्ष तक की ही होगी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मई, 2024
www.azadsipahi.in
08

# कांग्रेस के पास विकास की कोई योजना नहीं उनका लक्ष्य सिर्फ मोदी को हटाना है : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** खूंटी सीट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खूंटी विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की पिछले 10 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद लोगों के घरों में हमारी सरकार की योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। ये पहली बार हुआ है कि लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंच रहा है। किसानों को सम्मान निधि राशि दी जा रही है। मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं और महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया है। आज स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। अब मोदी ने गारंटी दी है अगले पांच वर्षों में तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जायेगा। अर्जुन मुंडा ने कहा कि हर गरीब की चिंता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। कोरोना काल में प्रारंभ हुई गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आज भी लोगों को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्षी यह नहीं बता पा रहे हैं कि वो लोग देश के लोगों का भला कैसे करेंगे, लेकिन उन्हें हमारे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को सिर्फ सत्ता से हटाना है। वे 60 वर्षों तक शासन में रहे, लेकिन देश का भला नहीं हो पाया और अब वे देश की भलाई की बात करते हैं। हमारी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर, रोजगार को लेकर, महिला सशक्तीरण को लेकर काम किया है, लेकिन ये लोग बोलते हैं कि भाजपा वाले संविधान बदल देंगे। मुंडा ने कहा कि मैं विपक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने 60 साल में क्या किया? उन्हें यह बताना चाहिए कि देश के लिए उन्हें क्या करना है? देश के भविष्य के क्या करना है?

### मुरहू में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय

भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कड़िया मुंडा के साथ मुरहू में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर काफी संख्या में भाजपा के काय्रकर्ता उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने प्रबुद्धजनों के साथ की बैठक



तमाड़। केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ विधानसभा के डोरेया मोड़ में प्रबुद्धजनों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने वादों को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। जब अलग झारखंड की मांग हो रही थी तब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि आप हमें सांसद दीजिये हम अलग राज्य बनाकर देंगे और उन्होंने अपना वादा निभाया। यह है भारतीय जनता पार्टी की झारखंड के लोगों के प्रति प्रतिबद्धता। क्योंकि हमारी पार्टी जो कहती है वो करती है। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि लोग अफ्वाह उड़ा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी लेकिन यह कोई कपड़ा नहीं है जिसे बदल दिया जाए। विपक्षी दलों के पास देश के विकास को लेकर कोई एजेंडा नहीं हैं इस कारण वे जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। देश में स्वच्छ शासन होना चाहिए, जहां भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो।

## शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल में मजदूर दिवस के अवसर पर स्वच्छ चांडिल-स्वस्थ्य चांडिल द्वारा एक दिवसीय स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शाम तक 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। एमजीएम ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ झामुमो नेता दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को सुखराम हेंब्रम के हाथों प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।। सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि समाज का निर्माण और राष्ट्र के उन्नति के पीछे मजदूरों का सबसे बड़ा योगदान रहता है, इसलिए मजदूर दिवस के दिन रक्तदान शिविर आयोजित कर संदेश देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए देश के सभी मजदूरों को एकजुट होकर एक मंच पर आने की जरूरत है। इस मौके पर मुखिया मनोहर सिंह, मुखिया मंगल मांझी, अधिवक्ता महेंद्र महतो, विश्वनाथ मंडल, बुद्धेश्वर गोप, राजेन टुडू, शंकर हांसदा, वाहिद हुसैन, अंगद गोप आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यालय में पंचायत अध्यक्षों की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू कांग्रेस कार्यालय में पंचायत अध्यक्षों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए बुथ मजबूती को लेकर बुंडू प्रखंड में संपूर्ण पंचायत अध्यक्षों को लेकर बैठक करने का निर्णय लिया गया इस मौके पर गुरुवा लोहरा नंदकिशोर महतो जितेंद्र महतो रामाकांत मुंडा मोतीलाल सेठ उदय लोहरा नंदलाल मुंडा सत्यनारायण सिंह मुंडा शिवनाथ महली आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में आठ व्यक्ति घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुधवार का दिन हादसों का दिन रहा बुधवार को सूर्य मंदिर के पास चार गाड़ियों के आपस में टकराने से आठ व्यक्ति घायल हुए प्राप्त जानकारी के अनुसार टाटा सिल्वे निवासी रघुनंदन चौधरी अपने परिवार के साथ शादी में जमशेदपुर गए हुए थे वहां से लौटते वक्त शाम लगभग 6:15 बजे सूर्य मंदिर के पास एक स्कूटी को बचाने के चक्कर में एक मोटरसाइकिल एवं एक ट्रक को धक्का मार दिया जिससे स्कूटी सवार किरण कुमारी का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया वही मोटरसाइकिल सवार धर्म लाल यादव कोमा में चले गए घायलों में रघुनंदन चौधरी कृष्ण बल्लभ चौधरी जानकी वल्लभ चौधरी मुन्ना कुमार शर्मा (ड्राइवर) बुरी तरह से घायल हो गये सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में भेजा गया जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया इधर बुंडू के एदेलहातू गांव के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से एक वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गयी जिसे बेहतर इलाज के लिए रिंग्स भेज दिया गया है।

## सांसद संजय सेठ ने सिल्ली के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन अपराह्न 3 बजे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पतराहातू में आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त विधानसभा क्षेत्र सिल्ली का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन सांसद और रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ फीता काटकर किया। तत्पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार जन कल्याण हेतु बहुत सारी योजनाएं चल रही है। इस शुभ अवसर पर लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, सहसंयोजक रमाकांत महतो, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, विधानसभा प्रभारी डॉ राकेश भास्कर, जितेंद्र सिंह पटेल, रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, सभी मंडल अध्यक्षगण, कोर कमेटी और प्रबंध समिति के सदस्यगण, मंडल पदाधिकारीगण, जिला प्रदेश के पदाधिकारीगण, मोर्चा के प्रदेश और जिला पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण समेत अन्य सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता गण मौजूद रहः नामांकन सभा में सिल्ली से हजारों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता छोटी बड़ी गाड़ियों में सभी बूथों से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कार्यकर्ता पहले ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में एकत्रित हुए। मौके पर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल, विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज, चौधरी महतो, प्रताप कुशवाहा, रेखा देवी, चित्तरंजन महतो, विनोद साहु, दिलेश्वर कोईरी, सृष्टिधर प्रजापति, मनोज महतो, रघुवीर प्रसाद जी, वीणा देवी मौजूद थे।

# पिपरवार में बोलेरो वाहन ने बरपाया कहर होमगार्ड जवान सहित चार की दर्दनाक मौत

**घटना के बाद ग्रामीणो मे आक्रोश, पिपरवार मे घंटों ठप रही कोयला ढुलाई**

आजाद सिपाही संवाददाता







**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के पीछे भेलवाटांड़ चौक के समीप भीषण सड़क दुर्घटना मे एक ही परिवार के चार लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतको मे एक महिला, एक पुरुष और दो बच्चे शामिल है, जबकि एक बच्चा बुरी तरह से घायल है। मृतको की पहचान 31 वर्षीय पंकज कुमार उसकी पत्नी 30 वर्षीय गुड़िया देवी, पुत्र 9 वर्षीय राजदीप और पुत्री 7 वर्षीय शालिनी के रूप मे की गयी है। जबकि इस हादसे मे मृतक का एक पुत्र 11 वर्षीय दीपराज बुरी तरह से घायल है। मृतक पंकज कुमार पिता नरेंद्र साव मूलरूप से चतरा जिला के प्रतापपूर थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव का निवासी था और वर्तमान मे पिपरवार मे होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत था। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम करीब सात बजे मृतक पंकज अपनी पत्नी और बच्चो के साथ मोटरसाईकिल नंबर जेएच 01एसी-7124 से जा रहा था, इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो नम्बर जेएच 01ईपी-3826 ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे के बाद बाईक सवार सभी लोग सड़क पर गिर गये, जबकि बोलेरो का कहर नही रूका और सभी को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए एक दुकान से टकरा गया। घटना मे बाईक सवार मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्थानीय लोगो की मदद से तीन लोगो को बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सको ने पिता पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वही घायल मृतक के एक पुत्र दीपराज को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार और खलारी पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बोलेरो वाहन को जब्त कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। वही इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणो ने सड़क जाम कर दिया है, जिसके कारण सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम ठप हो गया है। इधर घटना की खबर फैलते ही घटनास्थल और बचरा अस्पताल मे लोगो की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। हादसे मे दो मासूम बच्चो की मौत ने हर कोई को आहत कर दिया।

वही इस खौफनाक मंजर को अपनी आंखो से देखने वाले घायल बच्चा पुरी तरह से सदमे मे है। अपनी आंखो के सामने अपने माता, पिता, भाई और बहन को एक पल मे खोने वाले घायल बच्चे का आंसु रूकने का नाम नही ले रहा है। खलारी पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्ट्रमार्टम के लिए

## गर्मी से लोगों की बढ़ी परेशानी

**रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में गर्मी का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ गया है। रडगांव पंचायत में तो ग्रामीण पानी के लिए तड़प रहे हैं कई घरों में कुंआ सुख गया है, चपाकल अधिकतर खराब पड़ा हुआ है। लेकिन प्रत्यासी को तो सिर्फ अपना वोट का चिंता है, जल संकट के बारे मे आवाज उठानेवाला कोई नही है, जल नल योजना के तहत हर घर में जल की सुविधा देनेवाली सरकार भी फेल खाते नजर आ रही है, लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद अभी तक रडगांव पंचायत में 80 प्रतिशत घर के लोग पानी के लिए तरस रहे है, जिससे ग्रामीणों मे नाराजगी है।

## अक्षरा सिंह ने दिउड़ी मंदिर की पूजा-अर्चना



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर में पुजा अर्चना करने भोजपुरी सिनेमा अभिनेत्री अक्षरा सिंह पहुंची। ओर माता की चरणों में मात्था टेककर माता से आशीर्वाद लिया। मंदिर के प्रधान पुजारी मनोज पंडा ने विधिवत रूप से पुजा अर्चना और आरती करवाया। इस मोके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुआ कहा कि माता के बुलावे पर माता के दरबार पहुंची। टाटा शुटींग में आयी थी। अभी मुम्बई वापसी कर रही हुं। झारखंड मेरा ननिहाल है ओर मेरा लगाव है। लोक सभा चुनाव में सभी को वोट देने की अपील करते हुए। स्वच्छ छवि के प्रत्याशी का चयन कर देश का विकास हो।

# हमें राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों का खिलौना नहीं बनना है अपने हक अधिकार का खेला करना होगा : बसंत लोंगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड उलगुलान संघ के बैनर तले गुरुवार को मुंडा कुंजला गांव में पारंपरिक अगुवों तथा महिला प्रतिनिधियों की बैठक समाजसेवी रतन मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि एक उंगुली की ताकत को हम झारखंडी लोग नहीं समझ पा रहे हैं। इसी एक उंगली से दबाया हुआ बटन हम झारखंडियों की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों का खिलौना नहीं बनना है, बल्कि हमें अपने हक अधिकार का खेला करना होगा। यही समय वोट के द्वारा अपनी ताकत दिखाने का सही समय है। झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ कुछ धर्म अगुवा लोग आदिवासियों को भयभीत कर जमीन और जंगल के मालिकाना हक तथा अस्तित्व एवं अस्मिता के सवाल से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। यह आनेवाले समय में आदिवासियों तथा मूलवासियों के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इस चुनाव में हमें पार्टी नहीं, माटी के लिए वोट देना है और हम सभी के बीच खूंटी लोकसभा चुनाव में झारखण्ड आंदोलनकारी पूर्व विधायक बसंत कुमार का को भारी से भारी मतों से विजयी बनाना है।

बैठक को मसीहदास गुड़िया, जोन जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सुबोध पूर्ति, बेनेदिक्त नवरंगी, तिमोथी खलखो, तुनूर मुंडू, सुदर्शन सांगा, आनंदिनी होरो, पुष्पा तिड़ू, फूलमनी पूर्ति आदि ने भी संबोधित किया।

# श्रमिकों के अधिकारों के लिए चल रहे संघर्षों की याद दिलाता है मई दिवस : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददात



**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को डाक बंगला खूंटी में असंगठित मजदूरों के बीच अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने डाक बंगला में उपस्थित असंगठित मजदूरों को लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मई दिवस या अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस एक मई को भारत सहित पूरी दुनिया में मनाया जाता है। अधिकतर देशों की तरह, मई दिवस पर, सार्वजनिक और सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज बंद रहते हैं। श्रम अधिकारों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना की याद में एक मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। 1886 में श्रमिकों ने आठ घंटे के कार्यदिवस की मांग के लिए एक राष्ट्रीय हड़ताल का आयोजन किया था। शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसके परिणामस्वरूप कई श्रमिकों की मौत हो गई। उनके बलिदान का सम्मान करने के लिए, अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन ने एक मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में घोषित किया, जो दुनिया भर में श्रमिकों के संघर्षों और उपलब्धियों को पहचानने का दिन है। मई दिवस उत्सव, एकता और चिंतन का समय है। यह हमें प्रकृति की सुंदरता और समुदाय के महत्व की सराहना करने की अनुमति देता है। साथ ही हमें सामाजिक न्याय और श्रमिकों के अधिकारों के लिए चल रहे संघर्षों की याद दिलाता है। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, चंदन कुमार, मजदूर संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी के साथ ही काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## मुरहू में खुला कांग्रेस का चुनावी कार्यालय



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने बुधवार को संयुक्त रूप से मुरहू में पार्टी के प्रखंड कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। साथ ही मुरहू प्रखंड में पिछले बार से अधिक मतों की बढ़त लेने का संकल्प लिया गया। राजद के जिला अध्यक्ष शहजादा खान, नईमुद्दीन खां, पांडेया मुंडू, मुरहू (कांग्रेस) प्रखंड अध्यक्ष पौलूस पूर्ति, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सनिका बोदरा, सुजीत गुड़िया, चंद्रप्रभात मुंडा, धर्मदास कंडिर, बिनसाय मुंडा, पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदुमति देवी, अर्चना नाग, पूर्व प्रमुख करमेला सोए मुरूम आदि मौके पर उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ में प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन रीता बड़ाइक और संचालन शिक्षक रंजीत कुमार मोदक ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष प्रजापति प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़ और विशिष्ट अतिथि बुंडू महिला थाना प्रभारी एवं अतिथि फिर पेडाइडीह की मुखिया अनीता देवी आदि उपस्थित। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों को टीका लगाकर स्वागत किया गया उसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा बैंड बाजा कर अतिथियों का स्वागत किया गया तथा छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा वार्डन रीता बधाई के द्वारा मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया गया तथा विशिष्ट अतिथि बुंडू महिला थाना प्रभारी को अनास्थियां लुगून गेम शिक्षक के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया उसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रों के द्वारा रंगारंग संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वार्डन रीता बडाईक के द्वारा स्वागत भाषण में अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ विद्यालय की उपलब्धि पर भी प्रकाश डाली उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का प्रथम सत्र 2011-2013 था इस वर्ष टुशुमनी कुमारी ने पूरे झारखंड में प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया था राज स्तरीय डांस कंपटीशन में भी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है मालूम हो कि इस बार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ में मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट 100% रहा इंटर कला में कल 61 छात्र ने परीक्षा लिखी थी जिसमें 56 प्रथम स्थान तथा 5 छात्रा द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें ज्योति कुमारी 409 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान और सुषमा कुमारी 397 अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा आरती कुमारी एवं किरण कुमारी 396 अंक लाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की है इसी तरह मैट्रिक में भी कल 58 छात्र ने परीक्षा लिखी थी जिसमें एक 41 प्रथम 16 द्वितीय एवं एक छात्र तृतीय स्थान प्राप्त की है जिसमें चंद्रिका कुमारी 415 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की वहीं भानु कुमारी 407 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त की और तानिया कुमारी 399 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की विद्यालय के टॉपर छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि मुंडू महिला थाना प्रभारी और अतिथि मुखिया अनीता देवी के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया आज के कार्यक्रम में शिक्षिका ज्योति कुमारी शिल्पी कुमारी अनास्तासिया लुगून वैजयंती कुमारी करुणा कुमारी सायरा खातून अनुराधा कुमारी बसंत सेठ आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर ने चुनाव को लेकर की बैठक




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ हाई स्कूल के समीप बाधटोली में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की धर्म पत्नी आरती देवी आगमी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में महिलाओं और पुरुषों के साथ बैठक किए। और भाजपा के पछ में वोट देने का आग्रह किया बैठक में सोनू नायक, नंदा नायक, अनिमा, भारती देवी, रूपन देवी, डुमन देवी, रेखा देवी, नीलम देवी, रोहित पांडेय, दिनेश्वर पांडेय, संतोष मछुआ, विशाल मछुआ, आनंद मछुआ, करण रवानी, दीपक सहदेव, अमित गांगुली आदि शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मई, 2024
www.azadsipahi.in
09

## मजदूरों के सम्मान से ही होता है समाज का सम्मान : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम बाजार स्थित कालीनगर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नामकुम समाजसेवी चंद्रभूषण झा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रांची के सांसद संजय सेठ भी उपस्थित हुए। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले मजदूरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि श्रमिक (मजदूर) हमारे समाज के रीढ़ है। उनके योगदान के बिना आधुनिक जीवन की कल्पना व्यर्थ है। उनका सम्मान ही समाज का सम्मान है। वहीं, नामकुम लोवाडीह से आई टीम सारथी की ओर से नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक आरके पाहन, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा नेता बिक्कू सिंह राजा साहब, भाजपा नेता शारदा सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामावतार केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष आरती कुजूर, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, बरगावां मुखिया अनीता तिर्की, प्रभाष झा, कौशल सिंह, मोहन ठाकुर, मुन्ना बड़ाईक, प्रभुदयाल बड़ाईक, प्रज्ञा भारती, अंजली लकड़ा, लालकाली शरण नाथ शाहदेव आदि मौजूद थे।

## अनगड़ा में दिव्यांगों ने मनाया मजदूर दिवस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मजदूर दिवस के अवसर पर दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच की ओर से बुधवार को हेसल गांव में तबरेज अंसारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुटे गांव के दिव्यांग कलाम अंसारी थे। दिव्यांग जनों एवं अन्य श्रमिकों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। कलाम अंसारी ने कहा कि मजदूर राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। वगैर मजदूरों के देश का विकास नहीं हो सकता है। तबरेज अंसारी ने कहा कि आज मजदूर दिवस है। यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में तबरेज अंसारी, हरिदास महतो, पोलिस करमाली, विष्णु महतो, मुकुट मुंडा, बिगल महतो, रामेश्वर महतो, उमेश महतो, लीला कुमारी, रामलखन महतो आदि का योगदान रहा।

## सिलाई सेंटर में महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के पाली निवासी रिकेश महतो पिता लक्ष्मण महतो के विरुद्ध थाना क्षेत्र के ही एक महिला ने दुष्कर्म करने का प्रयास करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। पीड़िता रातू में ही सिलाई का काम करती है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि रिकेश महतो पूर्व में भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर चुका है। इसको लेकर रातू थाना में पीड़िता की ओर से पहले भी शिकायत दर्ज कराई गई थी और बॉण्ड लिखवाकर रिकेश को थाना से छोड़ा गया था। आरोपी रिकेश रातू के ही चट्टी कुम्बाटोली में लक्ष्मी फर्नीचर नामक दुकान चलाता है। 30 अप्रैल की दोपहर लगभग 12 बजे वह पीड़िता के सिलाई सेंटर में पहुंचा और अश्लील हरकत करने लगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो वह जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास करने लगा एवं उसके साथ मारपीट करने लगा। इससे उसके चेहरे एवं शरीर के कई अंगो में चोटें भी आई । पीड़िता के शोर मचाने के बाद रिकेश जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। उधर, रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संजय सेठ के नामांकन में सैकड़ों कार्यकर्ता संग शामिल हुए खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा



**नामकुम/नगड़ी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ता लोकसभा सांसद सह लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन में शामिल हुए। इससे पूर्व खिजरी मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता नामकुम बाजार स्थित सांसद समाधान केंद्र पहुंचे। यहां से अबकी बार 400 पार के नारों के साथ रांची स्थित मोराबादी मैदान के पास नामांकन सभा स्थल पर पहुंचे। मौके पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, समीर राय, रामावतार केरकेट्टा, प्रभाष झा, रितेश उरांव, आरती कुजूर, प्रभुदयाल बड़ाईक, मुन्ना बड़ाईक, विजेंद्र राय, रिंकू सिंह, गोपाल चैधरी, अनिरुद्व पांडे, पिंटू सिंह, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, कौशल सिंह, दिलीप साहू, अंजली लकड़ा आदि थे। वहीं, नगड़ी से भी भाजपा के वरिष्ठ नेता शशिभूषण भगत, मंडल अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में दर्जनों कार्यकर्ता दर्जनों वाहनों के साथ शामिल हुए।

## सीआइटी के चार विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनिरिंग ब्रांच के (2024 पासआउट बैच) 4 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन निर्माण के क्षेत्र से जुडी कंपनी इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि ने किया है। यह कंपनी बुलेट ट्रेन, मेट्रो ट्रेन आदि के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण करती है। चयनित विद्यार्थियों में विशाल कुमार, शुभम कुमार, प्रकाश कुमार महतो व नेहा कुमारी का नाम शामिल है। विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा ट्रेनिंग के बाद 3 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन पैन इंडिया के तहत होगा। कंपनी की एचआर स्वेता कुमारी ने चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर दिया। चीफ कोर्डिनेटर प्रो. अंकित सिंह, एक्सक्यूटिव कौशिक चटर्जी कैंपस ड्राइव का आयोजन ऑनलाइन मोड में हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## महंगाई-बेरोजगारी के बजाय भाजपा हिंदू-मुसलिम करने में व्यस्त : सुखदेव

# देश कांग्रेस के हाथों में ही सुरक्षित : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



सभा को संबोधित करते सुखदेव भगत और बंधु तिर्की।

**लापुंग।** आइएनडीआइए गटबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में पार्टी के लापुंट कमेटी की ओर से गटयातोली में गुरुवार को चुनावी सभा आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी शामिल हुए। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए जल जंगल जमीन व पढ़हा को बचाने की अपील की। कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है, जो कांग्रेस के हाथों में ही सुरक्षित है। कहा कि भाजपा देश व गरीब दलित का विकास नहीं कर सकती है। उन्होंने छोटी-छोटे क्षेत्रिय पार्टियों की भी आलोचना की। कहा कि भाजपा और कांग्रेस के अलावे बाकी पार्टियों वोट कटवा है। पढ़हा व्यवस्था के नाम से वोट मांग रही है। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। 'जागा रे आदिवासी देश के बचाएक लेगिन जागा' गाना गाकर लोगों को कांग्रेस के चिन्ह पर बटन दबाकर पार्टी प्रत्यासी सुखदेव भगत को जिताने की अपील की। वहीं, लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाना बेहद जरूरी हो गया है। आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासियों के अधिकार को खत्म करना चाहती है। सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती है। सुखदेव भगत ने विकास, बेरोजगारी, महंगाई पर बात नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर आलोचना की। कहा कि वे केवल हिंदू मुस्लिम, ईसाई सरना, पाकिस्तान, कब्रिस्तान की ही बात करते हैं। उन्होंने हाथ छाप पर वोट देकर आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासियों को जीताने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन लापुंग प्रखण्ड कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत बारला ने किया। मौके पीआर सुदामा महली, जनमजय पाठक, सतनारायण पाठक आदि मौजूद थे।

# अनिमा लकड़ा ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो कठर टोली गांव निवासी सह बेड़ो के करमचंद भगत कॉलेज की शिक्षिका डॉ अनिमा लकड़ा गुरुवार को गुमला में हुए समीर उरांव के नामांकन कार्यक्रम के दौरान भाजपा में शामिल हो गई। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, सुदर्शन भगत व शिवशंकर उरांव के समक्ष दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। शिक्षिका अनिमा लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का समग्र विकास होगा। भाजपा की नीति, सिद्धांत व कार्यक्रम से प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा कि हमलोग भाजपा के एक निष्ठावान सिपाही बनकर देश व जनहित में मानवता की सेवा करेंगीं। मौके पर समीर कुमार मुंडा, राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, आदित्य ताम्रकार, राजेश साहू, भीखा उरांव व जगरनाथ भगत आदि भाजपाई मौजूद थे।

# भगवान शिव ही आदि और अंत हैं : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** फूलखूंदी और झूलन के साथ टाटी मे आयोजित सात दिवसीय शिव मंडा पूजा का बुधवार को समापन हुआ। फूलखूंदी में 101 शिव भक्त नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था को दर्शाया। जागरण व छऊ नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। रातभर नागपुरी गीत-संगीत व सालहन की प्रसिद्ध एतवा भगत छऊ नृत्य टीम के बीच मुकाबला हुआ। नागपुरी कार्यक्रम में सुमन गुप्ता, कयूम अब्बास, कुमार प्रीतम व सरिता देवी ने अपनी अपनी प्रस्तुती दी। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भगवान शिव ही आदि व अंत है। इनकी उपासना से सभी दुख और पीड़ा दूर हो जाती है। संचालन अमित मिश्रा ने की। अतिथि के रूप में केंद्रीय मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, सचिव उदय पासवान, कोषाध्यक्ष विश्वजीत गोप, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, रामअवतार केरकेटटा, टाटी मुखिया कृष्णा पाहन, भाजपा महिला मोरचा की जिलाध्यक्ष माधुरी देवी उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष बसंत मिश्रा, सचिव जगदीश नायक, कोषाध्यक्ष बिगना महतो, उपाध्यक्ष सनील जोय, सहसचिव धीरेन्द्र त्रिपाठी, मनोज महतो, मोहन महतो, रंजीत लोहरा का योगदान रहा।

## आइएनडीआइए गठबंधन के रांची लोक प्रत्यासी यशस्विनी की जीत को लेकर झामुमो की बैठक

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन के रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने को लेकर गुरुवार को कांके प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के बूथ प्रतिनिधियों की बैठक पिठोरिया गांव में हुई। जिसमें अपने प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए बूथ मैनेजमेंट की रणनीति तय की गई। तय हुआ कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर घोषणा पत्र बांटेंगे। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कांके प्रखंड को 8 जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में चार-चार पंचायत को रखा गया है। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अपने प्रत्याशी की जीत के लिए सभी मिलजुल कर सामूहिक प्रयास करेंगे। वहीं एनडीए की 10 वर्ष की विफलता को मतदाताओं के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे। बैठक में समनुर मंसूरी, सुरेश बैठा, जावेद अख्तर, खुर्शीद आलम, गौरीशंकर महतो आदि थे।

## सभी मिलकर भाजपा को हरायेंगे : अजय

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर नगड़ी प्रखंड के बांधटोली में स्थित राधाकृष्ण मैरेज हॉल में आइएनडीआइए गठबंधन का बैठक हुई। जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा की आइएनडीआइए गठबंधन ने रांची लोकसभा के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय पढ़ी-लिखी एवं तेज तर्रार महिला है। उन्हें रांची लोकसभा का उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने सराहनीय काम किया है। गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित है। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता पंचायत एवं बूथ स्तर पर तालमेल बैठाकर काम करेंगे तो जीत जरूर मिलेगी। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद तिर्की और संचालन नगड़ी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सहावीर लोहरा ने किया। बैठक में नगड़ी प्रखंड प्रभारी दिलीप सिंह, अख्तर अंसारी, राखी देवी, शाहिद अहमद आदि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षु आइपीएस मोहम्मद याकूब ने की कार्रवाई, मचा हड़कंप

# अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टर व एक टर्बो जब्त, सात गिरफ्तार

**वाहन मालिको के खिलाफ भी दर्ज करायी गयी प्राथमिक**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रातू।** प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारी मोहम्मद याकूब के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए रातू पुलिस ने काठीटांड-ठाकुरगांव मार्ग स्थित इतवार बाजार व हुरहुरी में अवैध बालू लदे एक टर्बो व छह ट्रैक्टर को जब्त किया। उक्त वाहन बुढ़मू और ठाकुरगांव थाने की ओर से आ रहे थे। पुलिस द्वारा चालकों से बालू से संबंधित चालान मांगे जाने पर सभी ने चलान दिखाने में असमर्थता जाहिर की, जिसके बाद सातों वाहनों के चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रातू अंचल अधिकारी रवि कुमार ने चालक व वाहन मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस सभी चालको को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। चालकों में बुढ़मू थाना क्षेत्र के पाहन टोला निवासी कुलदीप मुंडा, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के कोकडे पतरा नयाटोली निवासी धोनी पाहन, पोखर टोला निवासी पवन नायक, बुढ़मू थाना अंतर्गत मक्का नवाजोत टोला निवासी अमर सिंह मुंडा, मांडर थाना क्षेत्र के हातमा स्कूल निवासी सुनील मुंडा, बुढ़मू गम्हरिया के संजू उरांव, व टेंडर तिलता बगीचा निवासी शिवम मुंडा शामिल है।

### अखबार में खबर छपने के बाद कार्रवाई

दैनिक अखबार में लगातार अवैध बालू व अवैध वसूली की खबर छपने के बाद आइपीएस अधिकारी मो याकूब के निर्देश पर बालू माफियाओं पर नकेल कसते हुए कार्रवाई की है। बता दें कि केरेडारी थाना व बुढ़मू के छापर नदी से प्रतिदिन सैकड़ो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर रातू की ओर आते हैं, जो विभिन्न जगहों पर संचालित अवैध डंपिंग में गिराया जाता है। दूसरी ओर, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी मोहम्मद याकूब ने बताया कि बालू की अवैध कारोबार व भंडारण करने वालो के खिकाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगा। पकड़े गये वाहन व चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगा। वाहन मालिको पर भी कार्रवाई होगी। बालू का अवैध भंडारण कर बालू की कीमत बढाने वालों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जायेगा।

### यहां बालू की डंपिंग

रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया नयाटोला, टेंडर बगीचा, सिमलिया मैदान, तिलता, चटकपुर, नवासोसो, एतवार बाजार, पिर्रा, हेहल के अलावा अन्य जगहों पर हजारों टन बालू को जमाकर रखा जाता है। इन बालू माफियाओ के पास जेसीबी मशीन के अलावा दर्जनों हाईवा, ट्रक व ट्रेक्टर होता है। जिससे छोटे- छोटे ट्रैक्टर व टर्बो में भरकर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मनमाने तरीके से ऊंची कीमत पर बालू गिराया जाता है। अभी लोगों को एक ट्रैक्टर बालू की कीमत आठ हजार रुपये तक चुकाना पड़ रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा हाईस्कूल में बुधवार को आयोजित एक सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आजसू महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बीणा देवी के अलावा केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सचिव जीतेन्द्र सिंह एवं सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा शामिल हुए। सबसे पहले इंटर साइंस में राज्य स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाने वाली अनगड़ा की प्रतिभावान बेटी अंबिका कुमारी एवं होनहार दिलीप कुमार महतो को सम्मानित किया गया। वहीं मैट्रिक और इंटर में बेहतर करने वाले अन्य छात्र छात्राएं भी सम्मानित हुए। मौके पर पारसनाथ उरांव ने सभी सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य और समय का निर्धारण जरूरी है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बीणा देवी ने कहा की सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं है। कड़ी मेहनत और लगन से हीं आप मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर महतो, रिजवान अंसारी, अभिजीत कुमार, मुनेश्वर महतो, सुरेश महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## समारोह आयोजित कर पूर्ववर्ती मैट्रिक पास विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय स्थित मॉडल स्कूल परिसर में गुरुवार को कक्षा नौ व 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा पास आउट पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर मॉडल स्कूल की छात्रा अनोखी टंडन समेत विद्यालय में टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिव शंकर कुमार ने प्रखंड टॉपर समेत मॉडल स्कूल के कुल 22 छात्रों में 21 प्रथम श्रेणी से पास हुए छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान टॉप टेन के बच्चों ने अपने से जूनियर छात्र छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा किया। साथ ही मन लगाकर पढ़ने व शिक्षकों की आज्ञा पालन करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानमंत्री प्रीति कुमारी, श्रुति कुमारी व हुरिया मुस्तफा ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कादिर कुरैशी, सुगिया अंजली तिर्की, प्रशिक्षु शिक्षक अजय कुमार, अंजली कच्छप, अनिता कुमारी, वर्षा कुमारी समेत छात्र छात्राओं ने सराहनीय योगदान दिया।

## आफिया ने स्कूल टॉप कर बढ़ाया चान्हो का मान

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चटवल की रहने वाली अफिया अंबर ने 12वीं में 86.6 फीसदी अंक लाकर स्कूल में टॉप किया। रांची के कांके स्थित अनीता इंटरमीडिएट कॉलेज, काँके स्कूल की छात्रा अफिया अंबर को साइंस स्ट्रीम में 418 अंक मिले हैं। लेकिन अफिया अंबर के लिए सफलता की राह इतनी आसान नहीं रही है। अफिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उसे इतना तो भरोसा था कि रिजल्ट बेहतर होगा। लेकिन, यह नहीं सोचा था कि स्कूल में अव्वल रहेगी। अफिया का सपना डॉक्टर बनने का है। वह कहती हैं, मेरे अब्बू-अम्मी ने कड़ी मेहनत कर हम लोगों की पढ़ाई-लिखाई में कोई कमी नहीं रहने दी। मेरा अरमान है कि मैं उन्हें हर तरह की खुशी देने के काबिल बन सकूं। अफिया के पिता मौलाना मंसूर आलम को जब यह खबर मिली तो खुशी से झूम उठे।

## मजदूर दिवस पर सम्मानित हुए चतुर्थवर्गीय कर्मचारी

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर होटल प्रबंधन संस्थान रांची में कार्यरत हाउसकीपिंग कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी एवं सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के संस्थान के प्रति अथक एवं उत्कृष्ट कार्य समर्पण के लिए सम्मान समारोह आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षभर संस्थान के कार्यों में चतुर्थवर्गिय कर्मियों के कार्यों को सम्मान देना था। इस समरोह की शुरूआत पासिंग द पार्सल और रन विद ग्लास प्रतियोगिता से की गयी। विजेता कर्मियों को पुरष्कृत भी किया गया। इसके बाद संस्थान में बनाए गए केक काटा गया और संस्थान के शेफ तथा छात्रों द्वारा पकाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों को संस्थान के रेस्टोरेंट पाही मोखना में सभी कर्मियों के समक्ष परोसा गया। संस्थान द्वारा आयोजित इस भावपूर्ण आयोजन के दौरान सभी कर्मी भावुक हो गए। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार ने विश्व श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए बताया कि किसी भी संस्था के विकास में चतुर्थवर्गीय कर्मचारीयों का अहम भूमिका होती है। साल के केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि हमे अपने कर्मचारियों एवं श्रमिकों उन्हें योगदान एवम मेहनत के लिए हमेशा सम्मान देना चाहिए तथा सदा प्रोत्साहित भी करते रहना चाहिए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन के नरेन आई केयर कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से भी अधिक बच्चों के आंखों की जांच की गई और उनके बीच नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंखों की देख भाल एवं आंखों में होने वाले इनफेक्शन से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों को स्वच्छता को लेकर भी जागरुक किया गया। शिविर को सफल बनाने में मिशन के स्वामी-आचार्य आदि का योगदान रहा।

## इटकी नागरिक परिषद के संस्थापक इकबाल नइमी का निधन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** नागरिक परिषद के संस्थापक सदस्य सह प्रबुद्ध समाजसेवी इकबाल अहमद नईमी (79) का एक मई को निधन हो गया है। बुधवार की रात करीब नौ बजे स्थानीय कब्रस्तान में मिट्टी दी गयी। उनके शव यात्रा में पूर्व एसडीओ तस्लीम नईमी के आलावे भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। दिगवंत इकबाल नईमी इटकी अलग प्रखंड आंदोलन में उनकी अहम भूमिका थी। उनके निधन पर केन्द्रीय हिन्दु जागरण के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कुशवाह समाज के देवेंन्द्र महतो, बुद्धिजिवी मंच के बिके सिन्हा, नागरिक परिषद के सैयद अफसर शाह, झारखण्ड युवा मंच के अध्यक्ष मसूद आलम, उप प्रमुख, परवेज राजा आदि थे।

